D.El.Ed. II Year Annual Examination 2019

Roll No....00035767

Paper Code: 205

Total Pages : 4

D.E.Ed-II/5/19

हिंदी दक्षता

Language Education (Hindi)

Time : 3 Hours
समय : 3 घंटे

Maximum Marks : 75
अधिकतम अंक : 75

सामान्य निर्देश:

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) इस प्रश्न पत्र के दो भाग हैं। भाग-I में 10-10 अंकों के पाँच प्रश्न हैं। भाग-II में 5-5 अंकों के पाँच प्रश्न हैं।

iii) भाग-I के (दस अंक) वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 600 शब्दों में लिखें तथा भाग-II के (पाँच अंक) के प्रश्नों का उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखें।

भाग-I

1. बहुभाषिकता से आप क्या समझते हैं? बहुभाषिकता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए, त्रिभाषा सूत्र की संकल्पना और क्रियान्वयन के स्वरूप को विस्तारपूर्वक समझाइए। (3+3+4=10)

P.T.O.

Scanned by CamScanner

2. भाषा सौन्दर्य से आप क्या समझते हैं? भाषा सौन्दर्य वृद्धि में रसों का क्या महत्त्व है? सातवीं कक्षा के लिए अलंकार शिक्षण की पाठयोजना तैयार कीजिए। (2½+2½+5=10)

3. हिंदी साहित्य के इतिहास के प्रमुख कालों की क्या विशेषताएँ हैं? सूरदास और जयशंकर प्रसाद की एक-एक कृति का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (3+3½+3½=10)

अथवा

बाल साहित्य क्या है? बाल साहित्य की आवश्यकता और महत्त्व किस दृष्टि से है? बाल साहित्य का निर्माण करते समय किन मुख्य बिन्दुओं को ध्यान में रखने की आवश्यकता है? (3+3½+3½=10)

4. तर्कपूर्ण-चिन्तन और समस्यासमाधान-चिन्तन का आपस में क्या सम्बन्ध है? चिन्तन कौशल को विकसित करने के लिए आप किन-किन विधियों का प्रयोग करेंगे। सोदाहरण समझाएँ। (2½+2½+5=10)

अथवा

चिन्तन कौशल क्या है? चिन्तन कौशल के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताइए कि चिन्तन कौशल के विकास के लिए आप किस प्रकार के प्रयास करेंगे?

5. वैश्वीकरण क्या है? इसकी आवश्यकता क्यों है? हिंदी को विश्वभाषा बनाने के लिए हमें किस प्रकार के उपायों को करने की आवश्यकता है? विस्तारपूर्वक समझाइए। (3+3+4=10)

Scanned by CamScanner

अथवा

अनुवाद से आप क्या समझते है? अनुवाद की उपयोगिता किस दृष्टि से है? एक अच्छे अनुवादक में कौन-कौन से गुण अपेक्षित हैं?
(3+3+4=10)

भाग-II

6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -
   क) उपसर्ग एवं प्रत्यय का सोदाहरण अन्तर स्पष्ट कीजिए।
   ख) सवैया छन्द को सोदाहरण परिभाषित कीजिए।
   ग) अतिश्योक्ति अलंकार की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।
   घ) मुहावरे व लोकोक्ति में सोदाहरण अन्तर स्पष्ट करें।
   ङ) वीर रस को परिभापित कीजिए। (1x5=5)

7. हिंदी भाषा के गुण और सीमाओं पर चर्चा करते हुए बताइए कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के अनुसार भाषा का क्या स्वरूप होना चाहिए? (2+3=5)

8. राष्ट्रकवि अवधारणा से क्या तात्पर्य है? मैथिलीशरण गुप्त की कृति की मुख्य विशेषताओं पर चर्चा कीजिए। (2+3=5)

अथवा

पाठ्यपुस्तक व पूरक पाठ्यपुस्तक में क्या अन्तर है? एक पाठ्यपुस्तक की रचना करते हुए हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

Scanned by CamScanner

9. आलोचनात्मक व सृजनात्मक चिन्तन से आप क्या समझते हैं? सृजनात्मक चिन्तन को विकसित करने के लिए कक्षा में किस प्रकार की सहगामी क्रियाएँ कराई जा सकती हैं? ($1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+2=5$)

10. क्रियात्मक अनुसंधान का अर्थ व महत्त्व किस दृष्टिकोण से है? आपके अनुसार भाषा के किस-किस क्षेत्र में क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता है? ($1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+2=5$)

अथवा

पाठ्यपुस्तक समीक्षा क्या है? पाठ्यपुस्तक समीक्षा की आवश्यकता क्यों है? एक पाठ्यपुस्तक की समीक्षा करते समय हमें किन-किन बिन्दुओं को ध्यान में रखना होता है?

Scanned by CamScanner